राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग
नासिन कॉम्पलैक्स, सैक्टर–29, फरीदाबाद–121008

NATIONAL ACADEMY OF CUSTOMS, INDIRECT TAXES & NARCOTICS
Government of India, Ministry of Finance, Department of Revenue
NACIN Complex, Sector-29, Faridabad-121008
फोन /Telephone : 0129-2504652-54
फैक्स / Fax : 0129-2504632

(ई-मेल के द्वारा)

फा.सं. II(11)128/2019/नासिन /7067-7296 दिनांक : 30 31 .12.2019

महोदया/महोदय,

विषय: नासिन, फरीदाबाद में दिनांक 10 जनवरी, 2020 को सीबीआईसी के समूह 'क' एवं 'ख' अधिकारियों के लिए "Gender Sensitization" (महिला-हित संवेदनशीलता) विषय पर एक दिन का पाठ्यक्रम के संबंध मे ।

राष्ट्रीय सीमाशुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिस, अकादमी फरीदाबाद द्वारा दिनांक 10 जनवरी, 2020 को सीबीआईसी (CBIC) के समूह 'क' एवं 'ख' अधिकारियों के लिए "Gender Sensitization" (महिला- हित संवेदनशीलता) विषय पर एक दिन का पाठ्यक्रम नासिन, फरीदाबाद में आयोजित किया जा रहा है।

2. इसलिए, अनुरोध किया जाता है कि उपरोक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए सीबीआईसी के उपयुक्त समूह 'क' एवं समूह 'ख' अधिकारियों को नामित किया जा सकता है।

3. नामांकन सकारात्मक रूप से केवल ईमेल के माध्यम से ई-मेल पता **nomination.istnacin@gmail.com** पर सुश्री मोनिका यादव, उप-निदेशक, नासिन, फरीदाबाद को भेजें। नामित अधिकारियों के दूरभाष संख्या / मोबाईल नंबर, ई-मेल का पता (बड़े अक्षरों में) के साथ-साथ नामित अधिकारी के कर्मचारी क्रमांक (Employee-ID), नामांकन पत्र में इंगित करें ताकि सीबीआईसी (CBIC) अधिकारियों के प्रशिक्षण डेटा बेस का सृजन किया जा सके और उनसे पत्राचार में आसानी हो।

4. आगे, आपसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि नामांकन की हॉर्ड कॉपी डाक या कोरियर के माध्यम से न भेजी जाये ताकि कागज की बर्बादी ना हो।

5. कृपया यह सुनिश्चित किया जाये कि अधिकारी का नाम एक बार प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए नामांकित किया जाता है तो अंतिम समय में नामांकन रद्द/वापस नहीं किया जाये क्योकि ये प्रशासनिक एंव वित्तीय मामले से जुड़े होते हैं।

6. यह भी ध्यानाकर्षित किया जाता है कि जो भी प्रतिभागी परिसर में रहना चाहते हैं उनके लिए सीमित छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। प्रतिभागियों के लिए छात्रावास और मेस शुल्क (सभी

समावेश) प्रतिदिन लगभग रूपये 400/- होंगे। इसमें कमरे का किराया रूपये 100/-, नाश्ता+बेड-टी रूपये 100/- और डिनर के लिए रूपये 200/- है। लंच और चाय/नाश्ते के लिए रुपये 250/- प्रति-दिन (दिन में दो बार) सभी प्रतिभागियों द्वारा पंजीकरण के समय अलग से देय होगा। परिसर छात्रावास में रहने का अनुरोध सीधेतौर पर संयुक्त निदेशक (प्रशासन), नासिन को ई-मेल पता nacengangotri@gmail.com पर भेजा जा सकता है।

7. यदि प्रतिभागी किसी नजदीकी होटल में रहने के इच्छुक हैं, तो वे होटल के विवरण के लिए ई-मेल पता nacengangotri@gmail.com पर अपना अनुरोध भेज सकते हैं, जिसकी बुकिंग सीधे तौर पर प्रतिभागियों द्वारा की जाएगी।

8. प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए नामांकित अधिकारियों को सकारात्मक रूप से दिनांक 10.01.2020 को सुबह 9.30 बजे नासिन, सेक्टर 29, फरीदाबाद (पुलिस लाईन, फरीदाबाद के नज़दिक) में रिपोर्ट करने के लिए निर्देशित किया जाए। यहाँ से नजदीकी मेट्रो स्टेशन वॉयलेट लाईन पर सैक्टर-28, फरीदाबाद है। समापन समारोह दिनांक 10.10.2020 को सांय 6.00 बजे तक जारी रह सकता है, इसलिए अधिकारियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी वापसी यात्रा की योजना इसके अनुसार ही करें।

भवदीय,

राजेश 30/12/19

(राजेश कुमार)
संयुक्त निदेशक

प्रति:-

१. सभी प्रधान मुख्य आयुक्त / मुख्य आयुक्त, (सीमा शुल्क)
२. सभी प्रधान मुख्य आयुक्त / मुख्य आयुक्त, (सीजीएसटी & केन्द्रीय उत्पाद शुल्क)
३. सभी प्रधान महानिदेशक / महानिदेशक (सीबीआईसी के अंतर्गत सभी महानिदेशालय)
४. मुख्य विभागीय प्रतिनिधि, CESTAT, नईदिल्ली
५. सभी प्रधान आयुक्त / आयुक्त, (सीमा शुल्क)
६. सभी प्रधान आयुक्त / आयुक्त, (सीजीएसटी & केन्द्रीय उत्पाद शुल्क)
७. सभी प्रधान आयुक्त / आयुक्त, (लेखा परीक्षा आयुक्तालय)
८. सीबीआईसी & नासिन वैबसाइट

राजेश 30/12/19

(राजेश कुमार)
संयुक्त निदेशक

राजेश कुमार
RAJESH KUMAR
संयुक्त निदेशक
JOINT DIRECTOR